भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय
पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002
वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667

प्रति,
समस्त राज्य सचिव
भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ
भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 76/ 2020
दिनांक : 05 जून, 2020

विषय :— वोजम द्वारा पर्यावरणीय कार्यवाही हेतु नई शिक्षा पहल के रुप में अर्थ ट्राइब का शुभारम्भ।

महोदय/महोदया,

विश्व पर्यावरण दिवस के दिन विश्व स्काउट संगठन (वोजम) ने पर्यावरण शिक्षा के लिए एक प्रमुख मील के पत्थर के रुप में एक नई पहल **अर्थ ट्राइब** की घोषणा की जो कि पर्यावरणीय कार्यवाही के लिए एक वैश्विक आन्दोलन में युवाओं को शामिल करेगी। अर्थ ट्राइब उस विश्व स्काउट पर्यावरण कार्यक्रम का स्थान लेगी जिसे पर्यावरण शिक्षा के कार्य को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 2008 में संकल्पित किया गया था।

अर्थ ट्राइब एक वेहतर नई पेशकश है, जो वेहतर विश्व के कार्य की दिशा में पर्यावरणीय नायक बनने हेतु प्रमुख आवश्यक दक्षताओं को विकसित करने में युवाओं को समर्थन करने के लिए है। यह नई पहल जो कि पर्यावरण और स्थिरता पर केन्द्रित है, स्काउट्स फॉर एस.डी.जी. के लिए सतत विकास लक्ष्यों की दिशा में योगदान को आगे बढ़ाने हेतु स्काउट्स के माध्यम से प्रतिवद्वता पर आधारित है।

अर्थ ट्राइब के माध्यम से युवा यह सीख सकते है कि उनकी व्यक्तिगत पसंद और आदतों का पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है। वे धरती की चुनौतियों की श्रंखला के माध्यम से अपने समुदायों में कार्यवाही करके अपने को संरक्षित करने के लिए इसे सीख सकते हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस के दिन अर्थ ट्राइब की शुरुआत यह सुनिश्चित करने के लिए की गई है कि हमारे संगठन के द्वारा किए गए कार्यों से पर्यावरण पर सर्वाधिक दवाव वाली चुनौतियों जैसे कि जलवायु परिवर्तन की तात्कालिकता, जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता, बढ़ती खपत की आदतें तथा प्रकृति और जैव विविधता के नुकसान के वारे में एक स्वप्रगतिशील शिक्षा प्रदान करती रहे।

चाहे घर पर हों या समुदाय में स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रैंजर्स एवं वयस्क नेताओं को पर्यावरण और स्थिरता पर आधारित सीखने के चार रास्तों पर केन्द्रित अर्थ ट्राइब की चुनौतियों की श्रंखला में भाग लेने के लिए वैश्विक अर्थ ट्राइब समुदाय में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया जाता है। अर्थ ट्राइब के भाग के रुप में प्रदर्शित होने वाली पहली चुनौती है:—

चैंपियंस फॉर नेचर– डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के साथ साझेदारी में निर्मित ।

टाइड टनर्स प्लास्टिक– संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण के साथ साझेदारी में निर्मित।

स्काउट गो सोलर– सोलाफ्रीका के साथ साझेदारी में निर्मित

जैसा कि अर्थ ट्राइब पर्यावरणीय कार्यवाही के लिए एक मंच के रुप मे विकसित करना जारी रखती है, पहल में भागीदारों को सम्मिलित करने वाली अधिक चुनौतियों और गैमीफिकेशन तत्व जोड़े जायेंगे जिससे युवा लोगों को मान्यता बैज अर्जित करने एवं चैंपियन बनने के और भी अवसर प्राप्त होंगे।

राष्ट्रीय स्काउट संगठनों और वयस्क नेताओं को अपने मौजूदा राष्ट्रीय युवा कार्यक्रम में नई पहल शुरु करने हेतु सक्षम करने के लिए विश्व स्काउट संगठन द्वारा नई अर्थ ट्राइब कार्यान्वयन नियमावली और चैलेंज एक्शन किट की एक श्रंखला विकसित की गई है। अर्थ ट्राइब चुनौतियों के वारे में जानकारी के साथ ये उपकरण, संसाधन और सामग्री earthtribe.scout.org. पर उपलब्ध हैं।

सभी चुनौतियों को पूरा करने के वाद आप अपनी आख्या to info@bsgindia.org पर भेजें।

सधन्यवाद,

भवदीय

(अरुप सरकार)
उपनिदेशक स्काउट (परियोजना)

संलग्नकः– एक्शन किट।

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय ।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली ।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–110016
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–15, सेक्टर–62, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201309
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।